Title: Need to provide financial assistance to Government of Gujarat for providing adequate electricity in rural areas of the State - Laid.

श्री रतिलाल कालिदास वर्मा (धन्धुका): अध्यक्ष महोदय, गुजरात के कई गांवों में आज भी लोगों के घरों तक बिजली नहीं पहुंच सकी है, परिणामस्वरूप इस इक्कीसवीं सदी में भी उन्हें अंधेरे में रहना पड़ रहा है। हालांकि गुजरात विद्युत बोर्ड घर-घर तक बिजली पहुंचाने का प्रयास कर रहा है लेकिन उसका घाटा इतना ज्यादा है कि इच्छा होते हुए भी वह पर्याप्त बिजली देने में असमर्थ है। किसानों ने अपनी खेती की सिंचाई के लिए टयूब वैल बना रखे हैं। प्रत्येक टयूब वैल की लागत 1.50 लाख से तीन लाख रूपये तक की होती है। इतना खर्चा करने के बावजूद भी उन्हें विद्युत कनैक्शन के लिए तरसना पड़ता है। बने बनाये टयूब वैल बेकार पड़े हैं, फसलें सूख रही हैं और किसान कर्ज के तले कराह रहा है।

मेरी सरकार से प्रार्थना है कि गुजरात विद्युत बोर्ड को विशो आर्थिक सहायता दी जाये। उसे कम भाव में कोयला तथा विद्युत केन्द्रों को कार्यान्वित रखने के लिए गैस की आपूर्ति दी जाये ताकि किसानों, उद्योगों व वंचितों तक बिजली पहुंचाई जा सके।